Fourteenth Loksabha

Session : 3
Date : 22-12-2004

Participants : Verma Smt. Usha

Title :Need to provide financial assistance to the Government of Uttar Pradesh for constructing bridges on rivers in Hardoi Parliamentary Constituency .

श्रीमती उाा वर्मा (हरदोई) : उपाध्यक्ष महोदय, मेरे हरदोई संसदीय क्षेत्र में गंगा, रामगंगा, कुण्डा, गम्भीरी, नीलम व गर्रा इत्यादि 5-6 नदियां बहती हैं। इन नदियों पर पेंटून पुल के स्थान पर पक्के पुल बनायें जायें जिससे यहां की जनता और आने-जाने वाले निवासियों को आवागमन के लिये पर्याप्त सुविधा मिल सके। अत: महोदय, मेरी सरकार से मांग है कि इन पुलों में बड़ा गांव कुण्डा नदी पर अर्जुन पुल के मध्य पंटून पुल के स्थान पर पक्का पुल बनाया जाये, दहेलिया बेढ़ी जोर के मध्य कुण्डा नदी पर मध्य पुल, पलिया-किर्तियापुर के मध्य गम्भीरी नदी पर और करण मतनी के पास नीलम नदी पर अब्दुलपुर के पास या रामपुर मजियारा के गर्रा नदी पर, अखल चौसार के पास गम्भीरी नदी पर, रसूलापुर छिबरामऊ के पास पुल बनाना अति आवश्यक है। अत: सरकार इस विाय को गम्भीरतापूर्वक निपटाये एवं उत्तर प्रदेश सरकर को इसके लिये आवश्यक धन उपलब्ध कराये।